# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

शुक्रवार
17 अप्रैल, 2026








वर्ष 2, अंक 73 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com


## पटना साहिब गुरुद्वारा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मत्था टेक कर की प्रार्थना



पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की पावन जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब पहुंचे। मुख्यमंत्री ने तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेककर राज्य के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं और प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

तख्त श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा परिसर में धार्मिक वातावरण के बीच मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए राज्य और देश की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गुरु की प्रेरणा से देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का लंबे समय तक नेतृत्व करते हुए राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व को भव्य रूप से मनाया गया था और पटना साहिब क्षेत्र की संरचनाओं को भी बेहतर बनाया गया है। उन्होंने कामना की कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की कृपा पूरे प्रदेश पर बनी रहे, राज्य समृद्ध हो और देश विकसित बने।

इस अवसर पर विधायक डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण, गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सदस्य, सेवादार और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नालंदा में नकली विदेशी शराब फैक्ट्री पर छापा, भारी मात्रा में सामान बरामद



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, नालंदा ने नकली अवैध विदेशी शराब के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए मानपुर थाना क्षेत्र के सरबहदी गांव में छापामारी कर भारी मात्रा में शराब और उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई 15 अप्रैल को गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

मद्यनिषेध निरीक्षक नितीश कुमार को सूचना मिली थी कि सरबहदी गांव के दो सगे भाई अभिषेक राज उर्फ गौरव और सौरभ कुमार, पिता विपिन प्रसाद, गांव से लगभग 400 मीटर पूर्व दिशा में स्थित एक मकान में बड़े पैमाने पर नकली विदेशी शराब का निर्माण, भंडारण और बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद अधीक्षक मद्यनिषेध नालंदा लाला अजय कुमार सुमन के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।

दल में सहायक अवर निरीक्षक सुष्मिता कुमारी, अश्विनी कुमार पासवान, मनोज कुमार, सिपाही अमरेश कुमार सहित गृह रक्षक बल के जवान शामिल थे। टीम ने करीब ढाई बजे सरबहदी गांव पहुंचकर बताए गए मकान की घेराबंदी की। मकान में ताला लगा हुआ था। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि मकान दोनों आरोपियों के कब्जे में है और वे पहले भी शराब से जुड़े मामलों में संलिप्त रहे हैं।

तलाशी के दौरान 190 लीटर अवैध स्प्रिट, 183.750 लीटर अवैध विदेशी शराब, रॉयल स्टैग की 187 बोतल, ब्लेंडर्स प्राइड की एक बोतल, 375 मिलीलीटर की 114 बोतलें, 70 खाली बोतलें, दो बॉटलिंग मशीन, एक कैपिंग मशीन, स्टिकर होलोग्राम, बॉटल कैप, हाइड्रोमीटर, माप फ्लास्क, कलरिंग एजेंट तथा इन्वर्टर-बैटरी बरामद किए गए।

सभी सामान जब्त कर उत्पाद थाना नालंदा लाया गया है। मामले में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## डैफोडिल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई दसवीं परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता पाई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में स्थानीय मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष आयोजित बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परिणाम 94.2 प्रतिशत रहा, जो काफी सराहनीय माना जा रहा है।

विद्यालय से कुल 138 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 130 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया।विद्यालय के समृद्धि आनंद ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशी कुमारी ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आंचल कुमारी 92.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। मीनू कुमारी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया, जबकि लोकेश कुमार ने 92 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा नौ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 43 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए।

विद्यालय के सचिव डॉ. रविचंद्र कुमार ने इस शानदार परिणाम पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## नालंदा उद्यान महाविद्यालय को आईसीएआर से ए ग्रेड, गर्व की बात: डॉ. रणधीर कुमार

विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के अंतर्गत संचालित नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की मान्यता प्रक्रिया में ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।


महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने कहा कि संस्थान को ए ग्रेड मिलना पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत यह एकमात्र उद्यान महाविद्यालय है, जिसने इस उपलब्धि के साथ अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुसंधान क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है।

जानकारी के अनुसार आईसीएआर हर पांच वर्षों में देश के कृषि विश्वविद्यालयों का व्यापक मूल्यांकन करता है। इसी क्रम में इस वर्ष 16 फरवरी से 19 फरवरी तक आईसीएआर की पीयर रिव्यू टीम ने सबौर का दौरा किया। इस दौरान शैक्षणिक उपलब्धियां, आधारभूत संरचना, कार्यक्रमों की गुणवत्ता, अनुसंधान गतिविधियां, प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा नवाचारों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

महाविद्यालय की इस सफलता के पीछे बेहतर शिक्षण व्यवस्था, अनुसंधान कार्य, पेटेंट फाइलिंग, प्लेसमेंट, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन तथा स्वच्छ और हरित परिसर का विकास प्रमुख कारण माना जा रहा है। यहां स्थापित विश्वस्तरीय स्मार्ट कक्षाएं और आधुनिक प्रयोगशालाएं शिक्षण एवं अनुसंधान को नई दिशा दे रही हैं।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह, डीन एग्रीकल्चर डॉ. ए.के. शाह, अनुसंधान निदेशक डॉ. ए.के. सिंह तथा विश्वविद्यालय जनसंपर्क पदाधिकारी राजेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों को दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार, विश्वविद्यालय प्राध्यापक डॉ. सी.एस. आजाद, वरिष्ठ वैज्ञानिक व जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार, तकनीकी प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. एस.एस. सोलंकी, प्रोफेसर डॉ. एस.एस. सिंह, डॉ. संतोष चौधरी, डॉ. नीरू कुमारी और डॉ. ए.पी. सिंह ने भी खुशी व्यक्त की।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525043 2E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता नें लंबित दाखिल-खारिज मामले को शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। गुरुवार को नालंदा के अपर समाहर्ता ने राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक कर परिमार्जन प्लस और दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों की हल्कावार समीक्षा की। बैठक में विभिन्न अंचलों में लंबित मामलों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए।

अपर समाहर्ता ने स्पष्ट रूप से कहा कि दाखिल-खारिज और परिमार्जन से संबंधित सभी लंबित मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर विधि-सम्मत तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि अनावश्यक विलंब और शिकायतों की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में सरकारी भूमि पर कायम जमाबंदी के मामलों की भी समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने संबंधितपदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में जमाबंदी रद्द करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अधियाचित भूमि को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज करने के लिए अंचल अधिकारियों के माध्यम से प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि मई माह से प्रत्येक अंचल में राजस्व से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के दौरान यदि किसी राजस्व कर्मचारी के स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाया गया तो उनके विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।


अपर समाहर्ता ने सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ करें, ताकि आम लोगों को राजस्व से संबंधित कार्यों में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।









# नालंदा में नौ मईको राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंकरों संग बैठक किया गया



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बिहारशरीफ स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में बैंकरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सब जज राजेश कुमार गौरव ने की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक ऐसा प्रभावी मंच है, जहां आपसी सहमति के आधार पर सुलह योग्य मामलों का त्वरित और निशुल्क निष्पादन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक लंबित मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत करें, ताकि आपसीसमझौते के आधार पर उनका त्वरित समाधान किया जा सके।

बैठक में बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे संबंधित मामलों के पक्षकारों को समय पर नोटिस उपलब्ध कराएं, ताकि उनकी विधिवत तामिला सुनिश्चित की जा सके। साथ ही बैंक कर्मियों को लोगों के बीच जाकर लोक अदालत के प्रति जागरूकता फैलाने की भी सलाह दी गई, जिससे अधिक से अधिक लोग इस निशुल्क व्यवस्था का लाभ उठा सकें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों का समाधान राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलह के जरिए सरल, सस्ता और त्वरित तरीके से कराएं।

# बिहारशरीफ के बिनाई हुंडई शोरूम में ऐक्टर न्यू फेसलिफ्ट कार लॉन्च हुआ




रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के नेशनल हाईवे-31 स्थित आशा नगर में बिनाई हुंडई शोरूम में गुरुवार को हुंडई की नई कार "ऐक्टर न्यू फेसलिफ्ट" का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहक, बैंक एवं फाइनेंस प्रतिनिधि तथा स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर बिहारशरीफ ब्रांच के शाखा प्रबंधक चंद्र प्रकाश चंदन सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद केक काटकर नई कार "ऐक्टर न्यू फेसलिफ्ट" मॉडल का औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया।लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित लोगों को कार के डिजाइन, तकनीक और विशेष सुविधाओं की जानकारी दी गई। शोरूम प्रबंधन ने बताया कि यह नया मॉडल आधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और बेहतर सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। कंपनी को उम्मीद है कि यह कार ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय होगी।

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने नई कार का अवलोकन किया और इसके फीचर्स की सराहना की। ग्राहकों में इस नए मॉडल को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला।


इस मौके पर वरुण सागर, शैलेश कुमार, अविनाश कुमार, सूरज कुमार, विजय कुमार, दीपक कुमार, बिजेंद्र कुमार, संजीत कुमार, शैल परवीन सहित ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में शोरूम प्रबंधन ने सभी अतिथियों और ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।












# नालंदा में पूर्व मुखिया का कथित ऑडियो वायरल, सियासी हलचल तेज




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में एक पूर्व मुखिया का कथित ऑडियो वायरल होने के बाद इलाके में हलचल मच गई है। इस ऑडियो के सामने आने के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है तथा लोग पूरे मामले की सच्चाई जानने का इंतजार कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि इमामगंज पंचायत के पूर्व मुखिया सतीश कुमार उर्फ पिक्कू मुखिया का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में जमीन विवाद, आपसी समझौता और एक पीड़ित महिला की मदद को लेकर बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि इस ऑडियो की सत्यता की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

वायरल ऑडियो में यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि एक मामले को वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही बातचीत में स्थानीय राजनीति, जमीन विवाद और धमकी जैसे मुद्दों का जिक्र होने की बात भी कही जा रही है, जिससे मामला और गंभीर होता जा रहा है।पूर्व मुखिया खुद को समाजसेवी बताते हुए एक पीड़ित महिला की मदद करने की बात कह रहे हैं, लेकिन वायरल ऑडियो में सामने आ रही कुछ बातों को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर संबंधित पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऑडियो की सत्यता की जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई स्पष्ट हो पाएगी। तब तक यह मुद्दा पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।












# सीबीएसई दसवीं परीक्षा में सान्वी प्रभाकर को 98.8 प्रतिशत अंक मिले



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (दसवीं) 2026 के घोषित परिणाम में सान्वी प्रभाकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

सान्वी प्रभाकर, प्रभाकर कुमार और श्वेता कुमारी की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई शहीद राजपाल डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार, नई दिल्ली से की है। घोषित परिणाम के अनुसार सान्वी ने सभी विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है।

प्राप्त अंकों के अनुसार सान्वी को अंग्रेज़ी (कम्युनिकेटिव) में 100, संस्कृत (कम्युनिकेटिव) में 100, गणित (स्टैंडर्ड) में 98, विज्ञान में 95 तथा सामाजिक विज्ञान में 97 अंक प्राप्त हुए हैं। अतिरिक्त विषय के रूप में कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भी उन्होंने 99 अंक हासिल किए हैं। उनके इस शानदार परिणाम से विद्यालय परिवार और परिचितों में भी हर्ष का वातावरण है।

सान्वी की माता श्वेता कुमारी नई दिल्ली स्थित भारतीय उत्पादकता परिषद में औद्योगिक अभियांत्रिकी की निदेशक हैं, जबकि उनके पिता प्रभाकर कुमार नई दिल्ली में सीएमएस मीडिया कंपनी में प्रमुख पद पर कार्यरत हैं।

सान्वी के दादा डॉ. विजय कुमार सिंह होम्योपैथी के वरिष्ठ चिकित्सक हैं। वे मगध होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापक के रूप में भी सेवा दे चुके हैं तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य हैं। सान्वी की इस सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# ईरान-अमेरिकी युद्ध चलते भारत में और 25 लाख लोग गरीबी की दलदल में फंस सकते हैं

अमेरिका इजरायल और ईरान युद्ध से भारत पर पड़ने वाले प्रभावों को उजागर करने वाली रिपोर्ट के निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाले हैं। रिपोर्ट बताती है कि खाड़ी में ईरान-अमेरिकी युद्ध से उपजी परिस्थितियों के चलते भारत में और 25 लाख लोग गरीबी की दलदल में फंस सकते हैं। साथ ही मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका पैदा हो गई है। रिपोर्ट इस बात का भी खुलासा करती है कि पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियों में वृद्धि से एशिया प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट बताती है कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से लोगों की घरेलू क्रयशक्ति घट रही है, जिससे खाद्य असुरक्षा भी बढ़ रही है। वहीं विकास कार्यों के लिए निर्धारित सरकारी बजट पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा आजीविका के अवसर कम हो रहे हैं। इस संकट में जहां पूरे विश्व में 88 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने की आशंका है, वहीं भारत में यह अनुमानित संख्या 25 लाख है। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया में तनाव के चलते एशिया-प्रशांत में तकरीबन 299 अरब डॉलर तक का नुकसान होने की आशंका है। हालांकि, भारत की बड़ी आबादी के सामने बढ़ने वाली गरीबों की संख्या छोटी है, लेकिन इससे भारत में गरीबी की दर बढ़ सकती है, जिसके 35.40 करोड़ होने की आशंका है। दरअसल, आज भी भारत करीब 90 फीसदी तेल जरूरतों के लिए आयात पर आश्रित है। हम कच्चे तेल का 40 फीसदी से अधिक और रसोई गैस का 90 फीसदी आयात पश्चिम एशिया से करते हैं। साथ ही हम अपने उर्वरकों का 40 फीसदी हिस्सा युद्धग्रस्त पश्चिमी एशिया से आयात करते हैं। एलएनजी की कीमतों में वृद्धि से कोयला आधारित बिजली पर हमारी निर्भरता बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर व्यापार व आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हुई। आशंका है कि संघर्ष से रेमिटेंस में भी कमी आएगी।

निस्संदेह, मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी की वजह से आयातित तेल आदि की कीमतों में वृद्धि हो रही है, जिससे हमारे आयात मूल्य में वृद्धि व निर्यात का नुकसान बढ़ा है। असर हमारी खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। वहीं खाद की आपूर्ति में बाधा का असर खरीफ की फसल पर पड़ने की आशंका है। इस सब के चलते बढ़े दामों का प्रभाव आम आदमी की जेब पर हो रहा है, जिसका रोजगार और आय के मामले में असर बड़ी आबादी पर नजर आ रहा है। हाल ही में नोएडा और मानेसर में श्रमिक असंतोष को इसकी परिणति के रूप में महसूस किया जा सकता है। दरअसल, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही है। आर्थिक परेशानियों के चलते आम आदमी अब अपने जरूरी खर्चों में कटौती कर रहा है। वजह है उसकी आय के साधन सीमित होना। वहीं निम्न आय वर्ग के लोगों में इससे भरण-पोषण का संकट पैदा हो रहा है।

श्रमिक असंतोष के बीच आक्रोश उभरा कि महंगाई के अनुपात में उनकी आमदनी नहीं बढ़ रही, फलत: जीवनयापन कठिन होता जा रहा है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया कि मार्च में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.4 हो गई है, जिसकी वजह पश्चिमी एशिया से उपजा संकट बताया जा रहा है।

# एरिस्टो फार्मा, एरिश्मा ट्रस्ट और जीएसएसजी संस्था ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। गुरुवार को मखदुमपुर प्रखंड के ग्राम वेरथू स्थित पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन एरिस्टो फार्मा के सीएसआर विभाग तथा एरिश्मा चैरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई द्वारा जी.एस.एस.जी. संस्था के सहयोग से किया गया।

यह स्वास्थ्य शिविर उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू एम.डी. के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 350 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

स्वास्थ्य जांच शिविर में मेदांता अस्पताल, पटना के जनरल फिजिशियन डॉ. एस.एस. पांडे तथा साईं नेत्रालय, पटना के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार ने मरीजों की जांच की। डॉक्टरों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देने के साथ ही सभी लाभार्थियों के बीच उच्च गुणवत्ता की दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया। शिविर में सामान्य रक्त जांच सहित अन्य आवश्यक जांचों की भी व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम का सफल संचालन एरिस्टो फार्मा के सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल कुमार की निगरानी में किया गया। आयोजन में सीएसआर विभाग से अनुराग गुंजन, सुधांशु कुमार और अभिषेक का विशेष योगदान रहा, जबकि पूरे कार्यक्रम की निगरानी टूना जी द्वारा की गई।जी.एस.एस.जी. संस्था की ओर से रामाशंकर शर्मा, विकास कुमार तथा अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। स्थानीय स्तर पर समाजसेवी धीरज कुमार और किट्टू का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना था।

# डीईओ सरस्वती कुमारी का औचक निरीक्षण, स्कूलों में मिली अनियमितताएं



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी ने गुरुवार को रतनी-फरीदपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाखापुर और उत्क्रमित मध्य विद्यालय झुनाठी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण के क्रम में मध्यान्ह भोजन योजना सहित विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं में कई प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीईओ ने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विद्यालयों में अनुशासन, साफ-सफाई और पठन-पाठन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी स्वयं कक्षा में पहुंचीं और बच्चों को पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है।

उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। साथ ही शिक्षकों को भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो सके।

# नई सराय में गूंजे आरसीपी सिंह जिंदाबाद के नारे, कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व आईएएस रामचंद्र प्रसाद सिंह शादी समारोह में शामिल होने के लिए खंदक पर जा रहे थे। इसी क्रम में नई सराय में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

नई सराय स्थित पूर्व जिला उपाध्यक्ष खुशबू कुमारी के आवास पर भी वे पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने अपने नेता के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका आभार प्रकट किया और "रामचंद्र प्रसाद सिंह



जिंदाबाद" के नारे लगाए।

इस अवसर पर प्रगति आनंद, पूर्व जिला अध्यक्ष खुशबू सिंहा, सुलेखा कुमारी, संजय सिन्हा, विपिन कुमार, बबलू गुप्ता, विपिन कुमार यादव, सरवन शर्मा, रवि नंदन प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार सिंह, गौरव पंडित, चिंटू साव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनएच पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, सड़क जाम



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। वेना थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31ए पर गुरुवार की दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना बहादुरपुर मोड़ के पास चंडी, कल्याण बिगहा और वेना थाना के सीमावर्ती इलाके में हुई। मृतक की पहचान बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के गेरूआरी गांव निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र बिंद के 19 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोहित कुमार बिना हेलमेट के तेज रफ्तार से हरनौत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बहादुरपुर मोड़ के पास अचानक सामने से आए एक अज्ञात वाहन को देखकर उन्होंने बाइक को तेज ब्रेक लगाकर रोकने की कोशिश की। इससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और वे सड़क पर गिर पड़े। गिरने से उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी,जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।बताया जाता है कि रोहित अपनी बहन के घर नरसंडा जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गए। उनकी शादी एक वर्ष पहले हुई थी और वे चार भाइयों में मंझले थे।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया, जिससे करीब ढाई घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलने पर वेना, चंडी और कल्याण बिगहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाकर जाम हटवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

# जनगणना को लेकर प्रशासन अलर्ट, अस्थावां में कर्मियों को दी जा रही विशेष प्रशिक्षण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अस्थावां प्रखंड में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड सभागार में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें बड़ी संख्या में गणना कर्मियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौपाल, सांख्यिकी पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौधरी, प्रशिक्षक अनिल प्रसाद तथा प्रेमरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।प्रशिक्षण के पहले दिन दो बैचों में कुल 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें जनगणना पर्यवेक्षक तथा प्रगणक दोनों वर्ग के कर्मी शामिल रहे।प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने कहा कि जनगणना अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्य है। इसके आंकड़ों के आधार पर ही सरकार की भविष्य की योजनाएं तैयारकी जाती हैं, इसलिए इसमें पूरी सावधानी और जिम्मेदारी जरूरी है।

प्रशिक्षक अनिल प्रसाद ने बताया कि कुल तीन बैचों में सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें डिजिटल तथा मैनुअल दोनों माध्यमों से आंकड़ा संकलन की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर पूछे जाने वाले प्रश्न, सही कोडिंग, मोबाइल अनुप्रयोग का उपयोग और आंकड़ा प्रविष्टि से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। साथ ही सामान्यतः होने वाली त्रुटियों से बचने के उपाय भी सिखाए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान कर्मियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें क्षेत्र में आने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए भी तैयार किया गया।प्रशासन का लक्ष्य है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी गणना कर्मियों को पूर्ण रूप से दक्ष बनाया जाए, ताकि जनगणना का कार्य निर्धारित समय में और बिना किसी त्रुटि के सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उप मुख्यमंत्रियों संग सचिवालय में की समीक्षा बैठक



पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना स्थित 4, देशरत्न मार्ग पर अवस्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में उप मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने सचिवालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सचिवालय की कार्य पद्धति, प्रशासनिक समन्वय और व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री सचिवालय के विभिन्न भागों का निरीक्षण भी किया और वहां संचालित व्यवस्थाओं तथा कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शिता, तत्परता और समन्वय के साथ संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सचिवालय राज्य प्रशासन का महत्वपूर्ण केंद्र है और यहां की कार्यशैली से ही शासन की दक्षता और गति का आकलन होता है। इसलिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सिंह तथा मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने सचिवालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने विधायक आवास परिसर का किया निरीक्षण



पटना (अपना नालंदा)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को वीरचंद पटेल पथ स्थित विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में उपलब्ध सुविधाओं तथा चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद अनिल कुमार, बीएमएसआईसीएल के जी.जी.एम. विजय कुमार, डी.एफ.ओ. पार्क डिविजन, खेल विभाग के प्रभारी पदाधिकारी तथा विधानसभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे।अध्यक्ष ने इस अवसर पर विधायकों के लिएनिर्माणाधीन विधायक हॉस्टल एवं कम्युनिटी सेंटर की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य वास्तुविद अनिल कुमार ने बताया कि विधायक हॉस्टल की संरचना जी+6 होगी, जिसमें कुल 83 सुइट बनाए जा रहे हैं। इसका निर्माण मार्च 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं जी+2 संरचना वाले कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कार्य इस वर्ष दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है।डॉ. प्रेम कुमार ने सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दारोगा प्रसाद राय पथ के पश्चिमी भाग में स्थित खाली भूमि पर अतिरिक्त विधायक हॉस्टल और विधायक स्पोर्ट्स क्लब के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा।इसके साथ ही उन्होंने विधायक आवासीय परिसर के तीनों ब्लॉक में पर्याप्त हरियाली सुनिश्चित करने तथा विधानसभा परिसर के खेल मैदान को हरियाली के साथ विकसित कर एक आधुनिक स्पोर्ट्स ग्राउंड के रूप में तैयार करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया।

# नालंदा में जनगणना 2027 की तैयारी तेज, डीएम ने की समीक्षा बैठक



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। जनगणना 2027 के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के तत्वावधान में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से जुड़े विभिन्न तैयारियों और कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक तथा द्वितीय चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक निर्धारित है। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके पूर्व 17 अप्रैल से 1 मई 2026 की रात्रि 12 बजे तक आम लोग स्व-गणना के माध्यम से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी भर सकेंगे। इसके लिए जनगणना निदेशालय द्वारा जारी पोर्टल पर 33 मूलभूत प्रश्नों के आधार पर विवरण दर्ज किया जाएगा।जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि जिले में जनगणना 2027 के लिए व्यापक तैयारियां की जा चुकी हैं। जिला और चार्ज स्तर पर कोषांग का गठन, मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण, विशेष और प्रतिबंधित क्षेत्रों की पहचान तथा सभी चार्ज अधिकारियों के लिए प्रशासनिक पहचान-पत्र तैयार कर दिए गए हैं। मकान सूचीकरण के लिए लगभग 700 से 800 की जनसंख्या पर एक प्रगणक और छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चार चरणों में कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनगणना 2027 से जुड़े सभी कार्य समय पर और पूरी जिम्मेदारी के साथ पूर्ण किए जाएं। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, नोडल पदाधिकारी जनगणना कोषांग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नालंदा में एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई- डीएम

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलिंडरों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। यह जानकारी गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने तेल विपणन कंपनी के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दी।जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन औसतन 9005 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन कर जिले के बैकलॉग को वर्तमान 4.0 से घटाकर 2 से 3 के बीच लाया जाए।उन्होंने बताया कि खरमास समाप्त होने के बाद वैवाहिक और अन्य कार्यक्रमों में बढ़ोतरी को देखते हुए वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। विवाह समारोह के लिए आवश्यक वाणिज्यिक गैस प्राप्त करने हेतु संबंधित व्यक्ति को शादी का कार्ड संलग्न कर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा, जिसमें आवश्यक सिलिंडरों की संख्या और कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की अनुमानित संख्या का उल्लेख करना होगा।

इसके अलावा बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक 1541 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है। जिलाधिकारी ने लोगों से पीएनजी कनेक्शन लेने का अनुरोध किया, ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके।एलपीजी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (टोलफ्री नंबर 06112-233168) भी संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि गैस सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की जानकारी मिलने पर तुरंत इसकी सूचना दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# बाराखुर्द में दुर्घटना पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री श्रवण कुमार



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक श्रवण कुमार गुरुवार सुबह नूरसराय प्रखंड के बाराखुर्द गांव पहुंचे और सड़क दुर्घटना में मृत युवक रविशेखर कुमार के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि कार्यकर्ता के दुख-सुख में वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे।

जानकारी के अनुसार बाराखुर्द निवासी अमिताभ प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र रविशेखर कुमार की 30 मार्च को पटना सचिवालय के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान 9 अप्रैल को अस्पताल में मृत्यु हो गई। रविशेखर पटना में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था। युवक की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दौरान मृतक के पिता अमिताभ प्रसाद ने पूर्व मंत्री को बताया कि यह केवल सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि लूट की घटना भी हो सकती है, क्योंकि रविशेखर सोने की चेन और अंगूठी पहने हुए था, जो घटना के बाद नहीं मिली। इस पर श्रवण कुमार ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और आवश्यक होने पर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे।मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।इस अवसर पर जदयू नेता व पूर्व प्रमुख राकेश कुमार, पूर्व मुखिया व बाराखुर्द के मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार निराला उर्फ सिक्कू मुखिया, पूर्व सरपंच व जदयू नेता मुकेश कुमार, जितेंद्र महतो, राजेश कुमार और राजनंदन प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बिहारशरीफ में जनगणना 2027 प्रथम चरण के लिए प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू




संजय कुमार


बिहारशरीफ। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में नगर निगम चार्ज के अंतर्गत चयनित 868 पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 09:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक बैचवार नालंदा कॉलेजिएट +2 स्कूल, गढ़पर, बिहारशरीफ में दिया जाएगा।

नगर आयुक्त सह चार्ज जनगणना पदाधिकारी द्वारा बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 14 फील्ड ट्रेनर की टीम बनाई गई है, जो पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं, मानकों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दे रहे हैं।

प्रशिक्षण के पहले दिन 16 अप्रैल को कुल 286 पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और कार्यप्रणाली की जानकारी विस्तार से समझाई गई।नगर आयुक्त सह चार्ज जनगणना पदाधिकारी ने सभी 14 फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिया कि वे जनगणना निदेशालय से प्राप्त सभी मापदंडों और प्रक्रियाओं का सही एवं प्रभावी तरीके से प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को भी निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करें, ताकि 2 मई 2026 से शुरू होने वाले जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके और किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सीबीएसई दसवीं परिणाम में संत पॉऊल इंग्लिश स्कूल सरथा के छात्र चमके




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में हरनौत प्रखंड स्थित संत पॉऊल इंग्लिश स्कूल, सरथा के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

विद्यालय की छात्रा स्नेहा कुमारी ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशी वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।विद्यालय की निदेशक वीणा बीजू ने बताया कि इस वर्ष कुल 251 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें 168 छात्र और 83 छात्राएं थीं। सभी विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि सात विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 42 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इसके अलावा 46 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भी खुशी देखी जा रही है।विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के प्रिंसिपल बीजू थॉमस, शिक्षक दिनेश कुमार सहित सभी शिक्षकों ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सीबीएसई दसवीं में सरस्वती विद्या मंदिर राजगीर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ नालंदा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को एक बार फिर प्रमाणित कर दिया है।

विद्यालय के छात्र आकर्ष गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अभिजीत कुमार ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पुष्कर कुमार ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया। इन छात्रों की सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।




इस वर्ष विद्यालय से कुल 156 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 32 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों ने अनुशासन और परिश्रम के साथ परीक्षा में भाग लिया और अच्छे परिणाम हासिल किए, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

सीबीएसई सिटी समन्वयक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अनन्त कुमार सिन्हा ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।

विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है।

# नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति चुनाव अगले आदेश तक स्थगित

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। इस संबंध में विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार द्वारा सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) को पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है।

जारी पत्र में बताया गया है कि विभागीय अधिसूचना के अनुसार राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन 15 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 के बीच कराने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। इस अवधि के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश भी जारी किए गए थे।

हालांकि अपरिहार्य कारणों से अब इस निर्वाचन प्रक्रिया को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन नगर निकायों में 15 अप्रैल 2026 को सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन पहले ही संपन्न हो चुका है, वहां वैधानिक रूप से निर्वाचित समिति पूर्ववत कार्य करती रहेगी।

विभाग की ओर से यह भी बताया गया है कि स्थगित की गई चुनाव प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए नई समय-सारणी जल्द ही जारी की जाएगी।

इस संबंध में जारी आदेश की प्रतिलिपि राज्य के सभी नगर निगमों के नगर आयुक्तों तथा नगर परिषद और नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

# थरथरी प्रखंड के विद्यालयों में पोषण पखवाड़ा के तहत बच्चों को जागरूक किया



थरथरी (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को संतुलित आहार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कचहरीया, बांसडीह, नटाईचक, ढोढूचक सहित अन्य विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।



कचहरीया विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इम्तियाज हुसैन ने छात्र-छात्राओं को पोषण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदतों और बेहतर जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों के दैनिक भोजन में हरी सब्जियां, दाल, फल और दूध जैसे पोषक तत्वों का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बल मिलता है।

इस दौरान जंक फूड के दुष्प्रभावों और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नियमित रूप से पौष्टिक भोजन करने और साफ-सफाई का ध्यान रखने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

एमडीएम के बीआरपी विक्की कुमार ने कहा कि यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर ही सही पोषण संबंधी जानकारी दी जाए, तो वे न केवल स्वयं स्वस्थ रहेंगे बल्कि अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुपोषण की समस्या का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है।

उन्होंने बताया कि प्रखंड से लेकर विद्यालय स्तर तक चल रहे इस अभियान से पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। सशक्त बचपन ही सशक्त समाज की आधारशिला है और पोषण उसकी सबसे मजबूत कड़ी है।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मानव बल मजदूर की दर्दनाक मौत



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा थाना क्षेत्र के हैदरपुर-गुलनी गांव के खंधा में गुरुवार की संध्या हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक के साथ-साथ बिजली विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

मृतक की पहचान हैदरपुर गांव निवासी ननहक बिंद के 45 वर्षीय पुत्र विंदेश्वर बिंद के रूप में की गई है। बताया जाता है कि विंदेश्वर बिंद बिजली विभाग में दैनिक मजदूर (मानव बल) के रूप में कार्यरत थे और लंबे समय से विभाग के साथ काम कर रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को वे अन्य कर्मियों के साथ हैदरपुर गांव के समीप 11 हजार वोल्ट के लूज विद्युत तार की मरम्मत करने पहुंचे थे। मरम्मत के दौरान अचानक करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर मौजूद सहकर्मियों और ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद इलाके में मातम छा गया। ग्रामीणों और परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना की सूचना उन्हें समय पर नहीं दी गई और बिना जानकारी के शव को हटाने की कोशिश की गई।इधर हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह पर नालंदा में जागरूकता रैली और क्रिकेट प्रतियोगिता



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा अग्नि सुरक्षा के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026" के तहत गुरुवार को नालंदा जिला अग्निशमन कार्यालय परिसर से प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों और प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर लेकर लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

रैली के दौरान "आग से सावधान रहें" और "सुरक्षा ही बचाव है" जैसे संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

इस अवसर पर जिला खेल कार्यालय नालंदा से आए कर्मचारियों के नेतृत्व में अग्निशमन सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बाद विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर विद्युत उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करें। साथ ही गैस सिलेंडर के रख-रखाव और ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग में विशेष सतर्कता बरतें।उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन सेवा से संपर्क करना चाहिए। आग लगने की स्थिति में 101 या 112 नंबर पर कॉल कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत आने वाले दिनों में मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी।






# सोमवार और शुक्रवार को लगेगा बिजली बिल त्रुटि सुधार का विशेष शिविर

संजय कुमार

बिहारशरीफ। बिजली उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्रों में होने वाली त्रुटियों और गड़बड़ियों के समाधान के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक संबंधित जेईई, एईई और ईईई कार्यालयों में लगाया जा रहा है।

विद्युत विभाग की ओर से बताया गया है कि इस विशेष शिविर में उपभोक्ता अपने बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं, त्रुटियों या अन्य शिकायतों का समाधान करा सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में संपर्क करना होगा, जहां अधिकारियों द्वारा शिकायतों का त्वरित निवारण किया जाएगा।विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह विशेष शिविर केवल अप्रैल 2026 माह तक ही आयोजित किया जाएगा। इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि यदि उनके बिजली बिल में किसी प्रकार की गड़बड़ी या त्रुटि है तो वे समय रहते शिविर में पहुंचकर उसका समाधान करवा लें।

इसके साथ ही विभाग ने चेतावनी दी है कि अप्रैल 2026 के बाद यदि किसी उपभोक्ता द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जाता है तो संबंधित उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा। साथ ही बकाया राशि की वसूली के लिए नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जाएगी।

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे समय पर बिल का भुगतान करें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए आयोजित विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

# बिहारशरीफ में भारतीय पोस्टल इम्प्लाइज एसोसिएशन की तदर्थ कमेटी का गठन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय गौरक्षणी भरावपर में भारतीय पोस्टल इम्प्लाइज एसोसिएशन (पोस्टमैन एवं एमटीएस) की तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्किल सचिव अंजनी कुमार सिंह ने की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री संजय कुमार उपस्थित रहे। उनके प्रयास और सहयोग से तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में बिहारशरीफ के लिए गोपाल शर्मा को संयोजक तथा रबी प्रकाश को सदस्य बनाया गया।कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष बलराम सिंह ने किया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री सुधीर पटेल ने संगठन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़ने का आह्वान किया, ताकि संगठन का विस्तार और मजबूती हो सके।

कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों की रक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर सतीश चंद्र, प्रभात, दयानंद प्रसाद सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

Material Partner: REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




Modular Kitchen
✓ Cabinets, shutters, drawers



TV Unit & Wall Panels
✓ Modern design, storage



Wardrobes & Closets
✓ Sliding, swing, loft, drawers



Bathroom Vanities
✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar